# टीवी की हाइऐस्ट पेड ऐक्ट्रेस होना डिज़र्व करती हैं: करीना

बॉलिवुड दीवा करीना कपूर खान ने आखिरकार टेलिविजन में एंट्री कर ली है। करीना जल्द ही डांस इंडिया डांस जज करती नजर आएंगी। 50 से ज्यादा फिल्मों में अपनी अदायगी का लोहा मनवा चुकीं करीना अपने टीवी डेब्यू को लेकर नर्वस हैं। उनके टीवी डेब्यू पर हमने की उनसे यह खास बातचीत:

एक जज के तौर पर आप प्रतिभागियों पर कितनी सख्ती बरतने वाली हैं?



मैंने कुछ प्लान नहीं किया है। मेरी जजिंग उनकी परफॉर्मेंस पर ही निर्भर करेगी। यहां टेलिविजन का सफर मेरे लिए काफी नया है। कंटेस्टेंट मुझे फिनाले तक ले जाने वाले हैं। मैं उनसे भी ज्यादा नर्वस हूं, क्योंकि मैं टीवी के कल्चर से ज्यादा वाकिफ नहीं हूं। मेरी बस यही कोशिश रहेगी कि मैं पूरे दिल से उनके साथ रहूं। ओपनिंग सेरिमनी में जो परफॉर्मेंस दिखाए गए, उनमें से दो-तीन परफॉर्मेंस मुझे बहुत पसंद आई और मैंने स्टैंडिंग ओविएशन दिया। वहीं कुछ ऐसे भी थे, जो नॉर्मल थे। मैं एक बैलंस बनाकर चलने वाली हूं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

आपके बेस्ट फ्रेंड करण जौहर ने जजिंग के कोई टिप्स दिए हैं?

अरे, उन्हें तो यहां कंटेस्टेंट बनना चाहिए, क्योंकि वह खुद ही इतना अच्छा डांस करते हैं। उनके हर शो पर एक परफॉर्मेंस रहता है। हां, एक दिन हम दोनों किसी शो के को-जज बनेंगे, क्योंकि उनके साथ काम करने में बड़ा मजा आता है।

लोगों ने हमेशा आपको पर्दे पर किरदार निभाते देखा है। अब रिएलिटी शो में वे असल करीना से रूबरू होंगे। कितनी नर्वस हैं आप?

मैं मानती हूं कि मैं एक ऐसी ऐक्ट्रेस रहीं हूं, जो फैंस के सामने भी रियल रहती हैं। आप मुझे फिल्मों में देखें या पब्लिक में, मैं वैसी इंसान रही हूं, जिससे फैन्स खुद को रिलेट कर सकते हैं। मैंने जो भी चीजें की हैं, वह पूरे दिल से की हैं। मैं दिमाग से ज्यादा दिल की सुनती रही हूं। हां, दीवा का टैग हमेशा मुझ पर लगा दिया गया है, जो हमेशा मेरे साथ रहेगा। रही बात रिऐलिटी शो की तो लोग मेरे दूसरे पहलू से भी वाकिफ होंगे और मुझे यकीन है खुद को और ज्यादा जुड़ा हुआ महसूस कर पाएंगे।

एक डांसर के तौर पर कभी कोई खराब अनुभव रहा हो, जिसे आप शेयर कर सकें?

मैंने अपने डांस को हमेशा इंजॉय किया है। मैं डांस की फीनिशिंग और टेक्निकैलिटी पर ध्यान नहीं देती, क्योंकि मैं ट्रेंड डांसर नहीं हूं। मैं ऐसी डांसर रही हूं, जो पूरी एनर्जी और उत्साह से खुद को एक्सप्रेस करती है। क्योंकि डांस का मतलब ही खुद को एक्सप्रेस करना होता है। मैं यहां लोगों को एक्सप्रेशंस के आधार पर जज करने वाली हूं।

बॉलिवुड में ऐसा कौन ऐक्टर है, जो आपका पसंदीदा डांसर है?

मिथुन चक्रवर्ती और गोविंदा

खबर है कि आप इस शो के बाद टेलिविजन की हाइऐस्ट पेड जज बन जाएंगी।

आपका पे पैकेज अच्छा होना ही चाहिए, क्योंकि आप टेलिविजन में बहुत मेहनत कर रहे हैं। मेल जज ऐक्टर को जितना मिलता है, फीमेल ऐक्ट्रेस को भी उतना ही मिलना चाहिए। एक मेन स्ट्रीम ऐक्ट्रेस होते हुए मैंने करियर के इस मोड़ पर टेलिविजन जॉइन किया है तो जाहिर है कि मुझे उतना मिलना चाहिए जितने की मैं हकदार हूं, क्योंकि मैं अपने दिन के 8 घंटे दे रही हूं।

इंग्लिश मीडियम और तख्त की शूटिंग कब से शुरू कर रही हैं?

इंग्लिश मीडियम के लिए जुलाई को निकल रही हूं, वहीं तख्त की शूटिंग दिसंबर से शुरू होगी। मैं इरफान के साथ काम करने को लेकर खासी उत्साहित हूं, क्योंकि मैंने सलमान, शाहरुख, सैफ सभी के साथ काम किया है, लेकिन इरफान खान के साथ काम करने का अनुभव ही कुछ और होगा। इसलिए इसमें अपने रोल के लेंथ की परवाह भी नहीं की है। मैंने अपने करियर में हमेशा से ही ऐक्सपेरिमेंट किए हैं, जो आगे भी जारी रहेंगे।

# रुबीना दिलाइक लेंगी नच बलिए में हिस्सा?



लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री रुबीना दिलाइक कलर्स टीवी के शो शक्ति-अस्तित्व के अहसास की में सौम्या के रूप में अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत रही हैं. रुबीना की तरफ से ट्रांसजेंडर का किरदार निभाने के लिए उन्हें काफी सराहना मिली है. सह-कलाकार विवियन डीसेना के साथ उनकी केमिस्ट्री ने भी बहुत से लोगों में अपनी जगह बनाई है. यह शो 30 मई 2019 को पूरे साल पूरा कर चुका है. कयास लगाए जा रहे थे कि रुबीना और उनके पति अभिनव शुक्ला नच बलिए 9 में हिस्सा लेंगे. यहां तक यह भी कहा गया कि डांस रियलिटी शो के नौवें सीजन के लिए रुबीना और अभिनव ने इस बारे में पुष्टि की है.

हालांकि, रुबीना ने सभी अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया और कहा कि वह शक्ति पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं. छोटी बहू की अभिनेत्री ने एक एंटरटेंमेन्ट पोर्टल से बात करते हुए कहा कि वह नच बलिए 9 में हिस्सा लेना पसंद करतीं यदि वह डेली सोप नहीं कर रही होतीं.

रुबीना ने पिंकविला को बताया, मैं इसे करना पसंद करूंगी अगर मैं कोई मेनस्ट्रीम शो नहीं कर रही होती क्योंकि मेरी पहली प्रतिबद्धता मेरा शो है. इस शो के लिए मैं दिन के 15-16 घंटे देती हूं. इसके अवाला मैं और कुछ भी नहीं कर सकती, क्योंकि कुछ भी हो इससे मुझे संतुष्टि नहीं मिलेगी. अगर मैं इसे करूंगी तो मुझे अपना बेस्ट देने के लिए 8 घंटे का रिहर्सल करना होगा जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है. पर्सनल लाइफ में रुबीना और अभिनव जल्द ही अपनी पहली शादी की सालगिरह मनाएंगे.



# पवित्रा पुनिया ने बैकलेस ब्लाउज में कराया बोल्ड फोटोशूट

टीवी के सबसे पॉप्युलर सीरियल नागिन 3 में बेला की सास पॉलोमी का किरदार निभा रही ऐक्ट्रेस पवित्रा पूनिया अपने एक बोल्ड फोटोशूट को लेकर काफी चर्चा में हैं। इन फोटोज में पवित्रा बैकलेस ब्लाउज और साड़ी में नजर आ रही हैं। पवित्रा ने हाल ही में अपने इंस्टा अकाउंट पर इस फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इस तस्वीरों में वह बैकलेस ब्लाउज पहने नजर आ रही हैं। पवित्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। नागिन 3 में पवित्रा पूनिया माहिर की सौतेली मां और बेला की सास पॉलोमी का किरदार निभा रही हैं। इन फोटोज में पवित्रा ने मोव कलर की शिमर साड़ी के साथ हॉल्टर नेक ब्लाउज कैरी किया हुआ है। एक तस्वीर में पवित्रा रॉयल इनफील्ड बाइक पर पोज देती नजर आ रही हैं।

### कन्नड़ फिल्म में डेब्यू करेंगे सुनील शेट्टी

बॉलीवुड के माचो मैन सुनील शेट्टी कन्नड़ फिल्म में डेब्यू करने जा रहे हैं। सुनील शेट्टी फिल्म पहलवान से कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म 'पहलवान' का पोस्टर लॉन्च किया जा चुका है। फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। उनकी ये फिल्म हिंदी में भी डब की जाएगी। हाल ही में इस फिल्म के कन्नड़ वर्जन का टीजर भी रिलीज किया गया था जिसे देखने के बाद दर्शकों का कहना था कि सुनील शेट्टी कि ये फिल्म सलमान खान की फिल्म 'सुल्तान' से प्रेरित है।